AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

सफल आयोजन पर उप मुख्यमंत्री ने दी बधाई : उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर आयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों को बधाई दी है।

बीएड परीक्षा के दौरान रविवार को क्लासरूम में सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा गया। इधर परीक्षा केंद्र के बाहर परिवार के लोग फुट ओवरब्रिज पर बैठे रहे। फोटो : मनीष वर्मा

3,57,064
अभ्यर्थियों ने प्रदेश में दी परीक्षा

1089 केंद्र बने थे | **73** जिलों में परीक्षा

17 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

लखनऊ। कोविड-19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों में रविवार को हुई बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 17 फीसदी अभ्यर्थी सम्मिलित नहीं हुए। प्रदेश के 73 जिलों के 1089 केंद्रों पर पंजीकृत 4,31,904 परीक्षार्थियों में से 3,57,064 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। मेरठ में फर्जी प्रवेश पत्र के सहारे परीक्षा देने के प्रयास में एक महिला को रोका गया।

बीते साल सात फीसदी थी अनुपस्थिति : बीते साल बीएड प्रवेश परीक्षा में छह लाख नौ हजार अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें से 42 हजार ने परीक्षा नहीं दी। अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों का आंकड़ा 6.9 फीसदी था।

बीएड प्रवेश परीक्षा बेंचमार्क बनेगी : उच्च शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने कहा कि बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कई मानकों में बेंचमार्क साबित होगी। कोरोना संकट के बीच अभ्यर्थियों की इच्छाशक्ति, विभाग के प्रबंधन से परीक्षा सफलता से संपन्न कराई गई है। पहले प्रदेश के 15 जिलों में ही बीएड परीक्षा कराई जाती थी, हर जिले में 60 से 130 केंद्र बनाए जाते थे। लेकिन इस बार कोरोना संकट के कारण 73 जिलों में परीक्षा कराई गई है।

छह माह में एक करोड़ लोगों ने देखी लविवि की वेबसाइट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने सौवें साल में एक नई उपलब्धि हासिल की है। विवि ने पिछले छह महीने के समय में अपनी वेबसाइट में कई सुधार किए हैं। इसका नतीजा यह है कि पिछले छह महीने में इसकी वेबसाइट पर एक करोड़ से ज्यादा लोग आए हैं। किसी भी विवि के लिए यह बेहद उपलब्धि वाली बात है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अनुसार तकनीक के इस दौर में किसी भी संस्थान की पहली तस्वीर उसकी वेबसाइट है। ऐसे में लखनऊ की वेबसाइट पर केवल छह महीने की अवधि में एक करोड़ हिट होना बेहद गर्व की बात है।

HINDUSTAN PAGE 1 & 6

मेरठ में फर्जी परीक्षार्थी पकड़ी गई, रामपुर में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा युवक धरा गया

बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 83 फीसदी अभ्यर्थी

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

कोरोना को लेकर विभिन्न आशंकाओं के बीच रविवार को प्रदेश भर में करीब 83 फीसदी अभ्यर्थियों ने बी.एड प्रवेश परीक्षा दी। मेरठ में एक केन्द्र पर फर्जी प्रवेश पत्र से परीक्षा देते हुए महिला अभ्यर्थी पकड़ी गई। वहीं रामपुर में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा एक युवक धरा गया। राज्य परीक्षा समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को सुबह नौ से 12 बजे और दोपहर 2 से 5 बजे के बीच दो पालियों में कराई गई। प्रदेश के 73 जिलों के कुल 1089 केन्द्रों पर लगभग 3,57,064 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020-22 का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया। प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि कोरोना के कारण बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए सभी अभ्यर्थियों, कक्ष निरीक्षकों की सुरक्षा के सभी निर्देशों का पालन कराया गया। कुछ अभ्यर्थी ऐसे पाये गये, जिनका तापमान अधिक था। उन्हें आइसोलेटेड कक्ष में बैठाकर परीक्षा दिलाई गई।

सतर्कता | परीक्षा से पहले

कुछ केंद्रों पर अव्यवस्था तो कुछ पर सजगता पेज 06

बीएड प्रवेश परीक्षा: परीक्षा केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा गया, कुछ सेंटरों पर सुबह 7 बजे ही पहुंच गए अभ्यर्थी

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

राजधानी के 82 केंद्रों पर रविवार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा हुई। कोरोना के चलते कई परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को कतार में लगाकर प्रवेश दिया गया और सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर भी सतर्कता बरती गई। वहीं, कुछ केंद्रों पर अव्यवस्था भी दिखी। खासतौर पर परीक्षा छूटने के बाद अभ्यर्थियों की भीड़ एकसाथ निकलती दिखी।

श्री जयनारायण पीजी कॉलेज के बाहर सुबह करीब 7.45 बजे सैकड़ों की संख्या में युवा सड़क पर खड़े थे। चेहरों पर कोरोना का खौफ साफ था, लेकिन इस खौफ के बीच जैसे-तैसे अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए शहर में बने 82 केन्द्रों में करीब 30,500 अभ्यर्थी शामिल होने थे। परीक्षा सुबह 9 बजे से प्रस्तावित थी लेकिन परीक्षार्थियों को एक घंटा पहले ही केन्द्र पर बुला लिया गया था। इससे सुबह 7 बजे से ही केन्द्रों पर परीक्षार्थी व उनके अभिभावक इकट्ठा होने लगे। श्री जयनारायण पीजी कॉलेज, बप्पा श्री नारायण वोकेशनल कॉलेज, एपी सेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के आसपास भारी भीड़ नजर आई।

एक घंटा लाइन में लगे अभ्यर्थी : गोमती नगर के विनय खंड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में करीब

30 से अधिक अभ्यर्थियों को गेट पर रोका

500 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा की व्यवस्था थी। विद्यालय प्रशासन के पास एक थर्मल स्कैनर था इसके कारण अभ्यर्थियों को विद्यालय में प्रवेश पाने के लिए करीब एक घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा। अलीगंज में सुभाष चंद्र बोस कॉलेज के बाहर सुबह करीब 7 बजे से अभ्यर्थियों का जमावड़ा लगा।

गेट पर रोके गए अभ्यर्थी : सैनिक स्कूल सरोजनीनगर में परीक्षा देने पहुंचे 30 से ज्यादा अभ्यर्थियों को केन्द्र के बाहर रोक दिया गया। इनके शरीर का तापमान सामान्य से अधिक था। इसे लेकर परीक्षार्थियों ने नाराजगी भी जताई। हालांकि बाद में इन्हें अलग बैठाकर परीक्षा कराई गई। इसी तरह के मामले अमीनाबाद इंटर कॉलेज, महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज में भी मिले।

आवागमन के साधन न होने से परेशानी : परीक्षार्थियों को केन्द्रों तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। केकेवी में परीक्षा देने बाराबंकी से आए अभिलेश वर्मा ने बताया कि सुबह 5 से 6:30 बजे तक कोई बस नहीं मिली तो किसी से लिफ्ट लेकर वह लखनऊ पहुंचे। चार किमी दूर पैदल चलकर सेंटर पहुंचे।

लखनऊ मांटेसरी इंटर कॉलेज में रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा गया • हिन्दुस्तान

एक ही सवाल दो बार पूछा गया

अभ्यर्थियों की शिकायत है कि पेपर में एक ही सवाल दो बार पूछा गया। लविवि में बने परीक्षा केन्द्र में पेपर देने वाले एक परीक्षार्थी ने बताया कि उनके पास सेट आई आया था। इसमें, प्रश्न संख्या 84 में पूछा गया, निम्नलिखित में से रूढ़ शब्द कौन सा है? अभ्यर्थियों का कहना है कि हूबहू, यही सवाल उन्हीं विकल्पों के साथ प्रश्न 97 में भी पूछा गया।

लखनऊ में 25 फीसद अभ्यर्थी अनुपस्थित

लखनऊ। लखनऊ में उपस्थिति का प्रतिशत कुछ कम रहा है। यहां करीब 30,600 अभ्यर्थियों का शामिल होना प्रस्तावित था। लेकिन दोनों पालियों में मिलाकर करीब 25 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

यहां मुस्तैद दिखे जिम्मेदार, सुरक्षित रहा माहौल : कोरोना काल में बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए पेन-पेंसिल और रबड़ की ही तरह सैनिटाइजर और मास्क भी आवश्यक सामग्री बन गया। राजधानी में कुछ केन्द्र ऐसे भी रहे जहां जिम्मेदार काफी मुस्तैद नजर आए। नेशनल पीजी

30,600
अभ्यर्थियों का शामिल होना था

कॉलेज में बने परीक्षा केन्द्र में बकायदा गोले बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया गया। सैनिटाइजर से लेकर अन्य व्यवस्थाएं की गई।

हाथ सैनिटाइज कर अंद गए छात्र: डीएवी इंटर कॉलेज के बाहर खड़े अभ्यर्थी हाथों को सैनिटाइज करके अंदार जाते नजर आए। नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्रवेश द्वार पर ही बनी डेस्क पर सैनिटाइजर और मास्क रखे थे। अधिकतर अभ्यर्थी मास्क लगाकर ही केंद्र पर पहुंचे। जो नहीं लगाए थें उन्हें मास्क दिए गए। कई बालिकाएं तो फेस शील्ड लगाकर केंद्र पर पहुंची। पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएड की परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के लिए शारीरिक दूरी के लिए गोले बनाए गए। मेहंदीगंज स्थित जगन्नाथ प्रसाद साहू इंटर कॉलेज में मास्क न लेकर आने वाले परीक्षार्थियों को मास्क वितरित किए गए।

परीक्षार्थी बोले

पेपर सामान्य स्तर का था। हिन्दी व्याकरण के प्रश्नों ने कुछ परेशान किया। सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्न सरल थे। रीजनिंग के प्रश्न हल करने में परेशानी हुई। **रितेश श्रीवास्तव**

कोरोना के चलते पेपर अभी होगा या नहीं, इसे लेकर भ्रमित रहा। जिसका असर तैयारी पर भी पड़ा। सामान्य ज्ञान और हिन्दी दोनों ही पेपर अच्छे हुए। **अखिलेश कुमार**

पेपर को देखते हुए मेरिट अधिक जाने की संभावना है। सामान्य ज्ञान में करंट अफेयर्स से सम्बंधित प्रश्न कम ही थे। हिन्दी के प्रश्न काफी सामान्य स्तर के थे। **राहुल**

रीजनिंग के सवालों ने उलझाया। खासतौर पर गणित से जुड़े प्रश्नों में समय अधिक लगा। सामान्य ज्ञान और हिंदी के प्रश्न ठीक थे। **गौरव यादव**

पेपर हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। रीजनिंग के प्रश्न हल करने में समय कुछ अधिक लगा। हिन्दी में सामान्य स्तर के प्रश्न पूछे गए। **प्रभुनाथ**

पहली बार परीक्षा दी है। राजनीतिशास्त्र और इतिहास के कुछ प्रश्न कठिन लगे। पेपर को देखते हुए अच्छी रैंक आनी चाहिए। **सौरभ**

जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने रविवार को केकेसी का निरीक्षण किया

PIONEER PAGE 3

सकुशल निपट गई बीएड की प्रवेश परीक्षा

82.67 फीसदी अभ्यर्थी हुए शामिल चार छात्रों की परीक्षा आइसोलेशन कमरे में हुई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर रविवार को पूरे प्रदेश में कोविड-19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों में भी राज्य स्तरीय बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 सकुशल सम्पन्न हो गई। प्रवेश परीक्षा में 82.67 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान कहीं से भी कोई गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

प्रवेश परीक्षा के लिये प्रदेश के 73 जनपदों में 14 नोडल केन्द्र 4 उप नोडल केन्द्र बनाये गये थे। प्रदेश के 1089 केन्द्रोंपर कुल 4,31,904 परीक्षार्थी शामिल होने थे, जिसमें से लगभग 3,57,064 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और उपस्थिति लगभग 82.67 प्रतिशत रही। इनमें कई नेत्रहीन अभ्यर्थी भी सम्मिलित थे जिन्हें नियमानुसार परीक्षा केन्द्र पर अतिरिक्त समय देते हुए स्रुत लेखक भी उपलब्ध कराया गया। कुछ केन्द्रों पर कतिपय अभ्यर्थी ऐसे पाये गए जिनका शारीरिक तापमान सामान्य से अधिक पाये जाने के कारण उन्हें आइसोलेटेड कक्ष में बैठाकर परीक्षा सम्पन्न करवायी गयी। ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या चार बताई गई है। स्टेट नोडल आफिसर प्रो अमिता बाजपेई ने बताया कि कोविड के कारण बदली हुयी परिस्थितियों को देखते हुए सभी अभ्यर्थियों, कक्ष निरीक्षकों और नोडल अधिकारियों की सुरक्षा के सभी प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का कठोरता से पालन कराया गया। प्रत्येक परीक्षाकेन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे, राउटर आदि की समुचित व्यवस्था की गयी थी। पूरे प्रदेश के सभी केन्द्रों पर हो रही परीक्षा पर लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापित किये गये कमान्ड नियंत्रण कक्ष की सहायता से कड़ी नजर रखी गयी। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। मेरठ केन्द्र पर एक महिला अभ्यर्थी द्वारा फर्जी प्रवेश पत्र की सहायता से परीक्षा में सम्मिलित होने का असफल प्रयत्न किया गया। सम्बन्धित स्थानीय अधिकारियों ने यह सूचना लखनऊ विश्वविद्यालय को दी। जिसके बाद तत्काल डाटा से मिलान करने पर यह प्रवेशपत्र फर्जी पाया गया।

उपमुख्यमंत्री ने दी बधाई

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 सकुशल सम्पन्न हो जाने पर प्रवेश परीक्षा से जुड़े आयोजक विश्वविद्यालय के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय की पूरी टीम सहित समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपति, अधिकारियों, जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं परीक्षा व्यवस्था से जुड़े समस्त नोडल अधिकारियों, समन्वयकों, केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों, कक्ष निरीक्षकों तथा इस व्यवस्था से जुड़े समस्त पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं अन्य सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि सभी के सहयोग, दृढ़ निश्चय एवं कार्य के प्रति सम्पूर्ण समर्पण से यह कार्य सम्भव हो सका है। इसके लिये सभी को बहुत बहुत हार्दिक बधाई।

डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोविड के प्रभाव को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा महा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केकेसी, शिया पीजी कालेज के एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था, टीवी से हर क्लासरूम गए। कालेज प्रशासन की मॉनिटरिंग का निरीक्षण किया। बीएड परीक्षार्थियों को हर प्रकार की सुरक्षा देने के निर्देश कालेज प्रशासन को जरूरी एहतियात बरतने के लिए कहा है। सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया है।

रविवार को बीएड परीक्षा के लिए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कई महा विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी शिया कालेज गए, जहां बीएड परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में अधिकारियों से जानकारी की। कालेज प्रशासन ने बताया कि एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था, टीवी से हर क्लासरूम की मॉनिटरिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के कंट्रोल रूम में जाकर सीसीटीवी से सभी परीक्षा कक्षों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कक्षा में बैठे परीक्षार्थियों से बातचीत की। संवाद के दौरान डीएम ने मास्क और सैनिटाइजर का प्रयोग करने के लिए कहा। कोविड के प्रोटोकाल का पालन करना बेहद जरूरी है। इसके बाद नेशनल पीजी कालेज, केकेसी और दूसरे विद्यालयों का निरीक्षण किया।

THE PIONEER PAGE 3

76% candidates appear for BEd-JEE in city

Candidates at Shri Jai Narain Misra Post Graduate (KKC) College in Lucknow on Sunday Pioneer

PNS ■ LUCKNOW

Seventy-six per cent attendance was recorded in Lucknow as BEd-JEE was held on Sunday. Out of 30,394 candidates who had registered for the exam, 23142 were present in the morning shift and 23,127 in the second.

In the state, the attendance was 82.67 per cent. State coordinator, BEd-JEE Amita Bajpai said given the circumstances due to Covid-19, the joint entrance exam was successfully conducted across the state.

She said that in Lucknow, there was only one case in which a girl used a different photograph in her admit card at Awadh Girls' Degree College. "The matter will be looked into by the committee. Other than that, there was no case of unfair means," she said.

Regarding reports of candidates crowding at the entrance of exam centres in violation of Covid-19 guidelines, she said: " What happens outside the gate is not under our purview, but guidelines were followed at all the centres and we have numerous videos and photographs. All the students wore masks and sanitisation was also carried out between the shifts," she said.

A total of 4,31,904 candidates had submitted applications for the exam in 1,089 centres across the state and 3,57,064 appeared for the examination.

"Several of these candidates were visually-challenged and they were provided dictators and also given extra time. At various centres, certain candidates with above-normal body temperature were made to sit in isolated rooms. All the protocols and instructions for safety were strictly adhered to," Amita Bajpai said.

"There were CCTV cameras at each exam centre and proper arrangements were made for cameras, routers etc. The exam was closely monitored with the help of the command control room set up at the University of Lucknow. No untoward incident was reported from any exam centre," she said.

She said that an unsuccessful attempt was made by a female candidate at a Meerut centre to appear for the exam using a fake admit card. The local authorities sent the information to LU. The entry was found to be fake when the data available with the university was checked," she said. District Magistrate Abhishek Prakash also visited one of the centres in the morning.

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

परीक्षा सकुशल संपन्न होने पर उप मुख्यमंत्री ने दी बधाई

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा वीएड-2020 सकुशल संपन्न होने पर प्रवेश परीक्षा के आयोजक लविवि, लविवि की पूरी टीम तथा परीक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी को हार्दिक वधाई व शुभकामनाएं दी है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा वीएड-2020 सकुशल सम्पन्न हो जाने पर प्रवेश परीक्षा से जुड़े आयोजक विश्वविद्याल, लखनऊ विश्वविद्यालय की पूरी टीम सहित समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपति, अधिकारियों, जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं परीक्षा व्यवस्था से जुड़े समस्त नोडल अधिकारियों, समन्वयकों, केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों, कक्ष निरीक्षकों तथा इस व्यवस्था से जुड़े समस्त पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं अन्य सभी को हार्दिक वधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, दृढ़ निश्चय एवं कार्य के प्रति सम्पूर्ण समर्पण से यह कार्य सम्भव हो सका है। इसके लिये सभी को वहुत-वहुत हार्दिक वधाई। ज्ञात हो संयुक्त प्रवेश परीक्षा वीएड-2020 परीक्षा में प्रदेश में कुल 4,31,904 आवेदक थे, जिसके सापेक्ष लगभग 3,57,064 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया जो कुल आवेदकों का 82.67 प्रतिशत है।

उपमुख्यमंत्री ने परीक्षार्थियों को दी बधाई

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 सकुशल सम्पन्न हो जाने परीक्षार्थियों और लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा से जुड़े आयोजक विश्वविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय की पूरी टीम सहित सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, अधिकारियों, जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं परीक्षा व्यवस्था से जुड़े समस्त नोडल अधिकारियों, समन्वयकों, केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों, कक्ष निरीक्षकों तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी बधाई के पात्र हैं ।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय का दावा सकुशल संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा, दोनो पालियों में 82.67 प्रतिशत परीक्षार्थी रहे उपस्थित

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर आयोजित बीएड की प्रवेश परीक्षा में 75 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि परीक्षा में सकुशल संपन्न हुई है, सभी केन्द्रों तैयारियों के मुताबिक किसी भी परीक्षार्थी को समस्या भी नहीं हुई। इस परीक्षा के लिये प्रदेश के 73 जनपदों में 14 नोडल केन्द्र 4 उप-नोडल केन्द्र बनाये गये थे। प्रदेश के 1089 केन्द्रों पर कुल 4,31,904 परीक्षार्थी शामिल होने थे, जिसमें से लगभग 3,57,064 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और उपस्थिति लगभग 82.67 प्रतिशत रही। इनमें कई नेत्रहीन अभ्यर्थी भी शामिल थे जिन्हें नियमानुसार परीक्षा-केन्द्र पर अतिरिक्तसमय देते हुए श्रुतलेखक भी उपलब्ध कराया गया। अलग—अलग केन्द्रों पर कतिपय अभ्यर्थी ऐसे पाये गए जिनका शारीरिक तापमान सामान्य से अधिक पाये जाने के कारण उन्हें आइसोलेटेड कक्ष में बैठाकर परीक्षा सम्पन्न करवायी गयी। कोविड-19 के कारण बदली हुयी परिस्थितियों को देखते हुए सभी अभ्यर्थियों, कक्ष-निरीक्षकों और नोडल अधिकारियों की सुरक्षा के सभी प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का कठोरता से पालन कराया गया। प्रत्येक परीक्षा-केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे, राउटर आदि की समुचित व्यवस्था की गयी थी। पूरे प्रदेश के सभी केन्द्रों पर हो रही परीक्षा पर लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापित किये गये कमान्ड नियंत्रण-कक्ष की सहायता से कड़ी नजररखी गयी। किसी भी परीक्षा-केन्द्र पर कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

मेरठ में फर्जी प्रवेशपत्र के साथ पकड़ी गयी महिला : मेरठ केन्द्र पर एक महिला अभ्यर्थी की ओर से फर्जी प्रवेश-पत्र की सहायता से परीक्षा देने की कोशिश की जिसे पकड़ लिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह सूचना लखनऊ विश्वविद्यालय को भेजा जिसके बाद प्रवेश पत्र का मिलान किया गया तो वह फर्जी निकला।

लखनऊ में बीएड प्रवेश परीक्षा देकर बाहर आतीं युवतियां • अमृत विचार

डीएम ने किया बीएड प्रवेश परीक्षा के केंद्रों का निरीक्षण

सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करते डीएम • अमृत विचार

अमृत विचार, बरेली

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने रविवार को संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने परीक्षा केंद्रों में कोविड नियमों का पालन करने संबंधी जानकारी ली। कई सेंटरों पर कोविड नियमों का पालन नहीं मिला।

इस पर तत्काल केंद्र प्रभारी से व्यवस्थाएं दुरुस्त कराईं। डीएम ने परीक्षा संपन्न होने के बाद सतर्कता बरतते हुए परीक्षार्थियों को केंद्र से बाहर निकलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।